# लखनऊ में आगे बढ़ेगी मेट्रो

## सीएम ने दिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश, दूसरे चरण में चारबाग से बसंतकुंज तक दौड़ेगी, मौजूदा मेट्रो का आईआईएम और पीजीआई तक होगा विस्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** लंबे अरसे से अटकी मेट्रो रेल परियोजनाओं को रफ्तार मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ मेट्रो के दूसरे चरण में चारबाग रेलवे स्टेशन से चौक होते हुए बसंतकुंज तक विस्तार को हरी झंडे देते हुए शीघ्र डीपीआर तैयार करने और शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

सीएम ने राजधानी में पहले चरण के मेट्रो रूट को भी आईआईएम व पीजीआई तक विस्तार देने को कहा। बताया कि मेट्रो के विस्तार में निजी क्षेत्र भी सहयोग के इच्छुक हैं। उनकी भी मदद ली जा सकती है। मुख्यमंत्री मंगलवार को लखनऊ, कानपुर व आगरा की मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि लखनऊ मेट्रो के विस्तार से शहर की बड़ी आबादी को राहत मिलेगी। इसलिए चारबाग-बसंतकुंज तक मेट्रो सुविधा मुहैया कराने के लिए नए चरण का डीपीआर तैयार हो। इसमें सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। सीएम ने कानपुर व आगरा मेट्रो परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। >> विस्तारीकरण का प्रस्ताव पीपी मोड पर करें तैयार : माईसिटी





ये मेट्रो आगे बढ़ती क्यों नहीं...

अमर उजाला ने बीते दिनों प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

## महाकुंभ से पहले गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात

### 120 किमी घंटे की रफ्तार से दौड़ेंगे वाहन

**लखनऊ।** इस वर्ष के अंत तक देश के दूसरे सबसे लंबे एक्सप्रेसवे गंगा पर फर्राटा भरने के लिए तैयार हो जाइए। मुख्यमंत्री महाकुंभ 2025 से पहले यूपी को यह सौगात देंगे। गंगा एक्सप्रेसवे को साल के अंत तक संचालित करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने यूपीडा को दिए हैं।

प्रदेश के 12 जिलों को हाई स्पीड ट्रैफिक से जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेववे की लंबाई 594 किलोमीटर है, जो मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे (701 किमी) के बाद देश का दूसरा सबसे लंबा एक्सप्रेसवे होगा। प्रदेश को पूरब से पश्चिम तक जोड़ते हुए यह एक्सप्रेसवे 518 गांवों से होकर गुजरेगा। इसके पूरा होने के बाद मेरठ से हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली व प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज तक की दूरी महज कुछ घंटों में तय की जा सकेगी। इसकी डिजाइन स्पीड 120 किमी प्रतिघंटा होगी। यानी कि इस पर 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से गाड़ियों का संचालन हो सकेगा। ब्यूरो

एक्सप्रेसवे पर बनाएंगे जाएंगे नौ जनसुविधा परिसर : पेज 4